संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

**05th February, 2024**

**DO No. 06/News Letter/CH(IC)/2024**

Dear Colleague,

I am sure the Departmental officers would have keenly watched the Hon'ble Finance Minister's Budget Speech on the 01st of February. The compelling and inspiring speech ignited a sense of collective responsibility and determination. The Hon'ble Minister mentioned the positive results of recent surveys conducted by a leading consulting firm – 94 per cent of industry leaders view the transition to GST as largely positive and 80 per cent of the respondents feel that it has led to supply chain optimisation, as elimination of tax arbitrage and octroi has resulted in disbanding of check posts at State and city boundaries.

The positive sentiment, coupled with the facts that the tax base of GST has more than doubled and the average monthly gross GST collection has almost doubled to ₹ 1.66 lakh crore this year, give us confidence that the GST ecosystem has been complementing the growth in economy. On the Customs side, the initiatives taken in the recent past to facilitate International trade found mention, due to which the import release time declined by 47 per cent to 71 hours at Inland Container Depots, by 28 per cent to 44 hours at air cargo complexes and by 27 per cent to 85 hours at sea ports, over the last four years.

I congratulate the Budget teams of the Tax Research Unit and the GST Policy Wing, who worked hard to prepare the items pertaining to CBIC in the Interim Budget!

On the enforcement front, the officers of DRI Kolkata Zonal Unit, on the basis of specific information regarding landing of a huge quantity of Betel Nuts at a remote island in the Sundarbans Delta, intercepted 2 trawlers at Gosaba with the assistance of the Border Security Force, which had arrived from across the border. On rummaging, 70.32 MT of Betel Nuts in 1,152 sacks were found to be loaded on these Trawlers. 27 persons were arrested during the course of this operation, all of whom were ascertained to be members of a major smuggling syndicate that had been engaged in the smuggling of Betel Nuts. My appreciation to the team of officers involved in this operation.

Another notable case was booked last week by officers of Delhi Customs at IGI Airport leading to arrest of one passenger who was attempting to clear cocaine weighing 5.88 Kg and valued at Rs. 82.448 Crore by concealing in her bags. Kudos to the team!

As I close, I would like to extend my heartfelt best wishes to Shri Satyendra Kumar Singh and Shri Ashutosh Awasthi on their superannuation, and wish them all the best in their future endeavours. Wishing you not only contentment but also good health and boundless enjoyment in this new chapter of your life.

Till next week!

Yours sincerely,

**(Sanjay Kumar Agarwal)**

All Officers and Staff of the Central Board of Indirect Taxes & Customs.

संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

**05th February, 2024**

**<u>DO No. 06/News Letter/CH(IC)/2024</u>**

प्रिय सहकर्मी ,

मुझे यकीन है कि विभागीय अधिकारियों ने 01 फरवरी को माननीय वित्त मंत्री जी के बजट भाषण को उत्सुकता से देखा होगा। यह भाषण प्रेरणास्पद रहा जिसने सामूहिक जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प की भावना को प्रज्वलित किया। माननीय मंत्री जी ने एक अग्रगण्य कंसल्टिंग फर्म द्वारा किए गए सर्वेक्षणों के सकारात्मक परिणामों का उल्लेख किया - 94 प्रतिशत उद्योग जगत के अग्रणी जीएसटी में बदलाव को काफी हद तक सकारात्मक मानते हैं और 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि इससे आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन को बढ़ावा मिला है, क्योंकि कर मध्यस्थता और चुंगी के उन्मूलन के परिणामस्वरूप राज्य और शहर की सीमाओं पर चेक पोस्ट समाप्त हो गए हैं।

तथ्यात्मक रूप से देखा जाए तो जीएसटी का कर आधार दोगुना से अधिक हो गया है और औसत मासिक सकल जीएसटी संग्रह (Gross GST collection) इस वर्ष लगभग दोगुना होकर ₹ 1.66 लाख करोड़ हो गया है, हमें विश्वास दिलाता है कि जीएसटी पारिस्थितिकी तंत्र, अर्थव्यवस्था में विकास का पूरक रहा है। सीमा शुल्क पक्ष में, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए हाल ही में की गई पहल का उल्लेख किया गया है, जिसके कारण पिछले चार वर्षों में इनलैंड कंटेनर डिपो पर आयात रिलीज का समय 47 प्रतिशत घटकर 71 घंटे, एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स पर 28 प्रतिशत घटकर 44 घंटे और समुद्री बंदरगाहों पर 27 प्रतिशत घटकर 85 घंटे रह गया है।

मैं टैक्स रिसर्च यूनिट और जीएसटी पॉलिसी विंग की बजट टीमों को बधाई देता हूं, जिन्होंने अंतरिम बजट में सीबीआईसी से संबंधित बिंदुओं को तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत की।

प्रवर्तन के मोर्चे पर, डीआरआई कोलकाता जोनल यूनिट के अधिकारियों ने सुंदरबन डेल्टा के एक सुदूर द्वीप पर भारी मात्रा में बीटल नट (सुपारी) की लैंडिंग के संबंध में विशेष जानकारी के आधार पर, सीमा सुरक्षा बल की सहायता से गोसाबा में 2 ट्रॉलर को रोका जो सीमा पार से आये थे। खंगालने पर इन ट्रॉलरों पर 1,152 बोरों में 70.32 मीट्रिक टन सुपारी लदी हुई पाई गई। इस ऑपरेशन के दौरान 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से सभी को एक प्रमुख तस्करी सिंडिकेट के सदस्य के रूप में पहचाना गया जो सुपारी की तस्करी से जुड़े हुए थे। इस ऑपरेशन में शामिल अधिकारियों की टीम को मेरी सराहना।

एक और उल्लेखनीय मामला पिछले सप्ताह आईजीआई हवाई अड्डे पर दिल्ली सीमा शुल्क के अधिकारियों द्वारा दर्ज किया गया, जिसके परिणामस्वरूप एक यात्री को गिरफ्तार किया गया, जो 5.88 किलोग्राम वजन और 82.448 करोड़ रुपये की कीमत वाली कोकीन को अपने बैग में छिपाकर निकालने का प्रयास कर रहा था। टीम को बधाई !

अपने समापन से पहले, मैं श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह और श्री आशुतोष अवस्थी को उनकी सेवानिवृत्ति पर हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं, और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभेक्षा देना चाहता हूं। मैं आपके जीवन के इस नए अध्याय में न केवल संतुष्टि बल्कि अच्छे स्वास्थ्य और असीमित आनंद की कामना करता हूं।

अगले सप्ताह तक ।

भवदीय,

संजय कुमार

**(संजय कुमार अग्रवाल)**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सभी अधिकारी और कर्मचारीगण।